

WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक



### ● क्या प्रफुल पटेल पंजाब चले जाएंगे?

दादरा और नगर हवेली तथा दमन के केंद्र शासित प्रदेशों के सबसे लंबे समय तक प्रशासक रहे प्रफुल खोदाभाई पटेल को अब पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किए जाने की संभावना है। पटेल पिछले दस वर्षों से प्रशासक हैं। उन्हें एक कुशल राजनीतिज्ञ माना जाता है।

### ● क्या डीएमके हताश है ?

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की हार के बाद, एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके अपने कार्यकर्ताओं के दबाव में बताई जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, पार्टी उच्च कमान को पार्टी में फूट पड़ने का डर सता रहा है।

## प्रशासनिक

### ● शतायु अधिकारी अभी भी सक्रिय हैं; दो सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी हैं, लेकिन कोई आईएएस अधिकारी नहीं?

अभी भी दो सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सौ वर्ष से अधिक आयु के जीवित हैं। लेकिन ऐसा माना जाता है कि देश में इस आयु वर्ग का कोई आईएएस अधिकारी नहीं बचा है। जीवित आईपीएस अधिकारियों में मध्य प्रदेश के पूर्व डीजीपी हरिवाल्लभ मोहनलाल जोशी और पंजाब कैडर के पूर्व सीबीआई निदेशक जेएस बावा शामिल हैं।

### ● दो आईटीएस अधिकारी सीबीआई में शामिल होंगे

विनीत मलिक और आशीष चुघ को सीबीआई में पुलिस अधीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर चार साल की अवधि के लिए चुना गया है। वे आईटीएस अधिकारी हैं।

### ● भारतीय दूतावास चीनी व्यवसायों के साथ गहन आर्थिक जुड़ाव का समर्थन करता है

द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चीन में भारत के वर्तमान राजदूत विक्रम दोरैस्वामी ने चीनी उद्यमों के साथ गहन आर्थिक जुड़ाव की वकालत की है। 7 जुलाई को आयोजित एक विशेष भोज वार्ता के दौरान, राजदूत ने बीजिंग में वरिष्ठ प्रतिनिधियों, कंपनी अध्यक्षों और भारत के प्रमुख मित्रों से मुलाकात की। भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को साझा किए गए एक आधिकारिक अपडेट के अनुसार, यह उच्च स्तरीय बैठक व्यापार पर मूल्यवान रणनीतिक जानकारियों के आदान-प्रदान के लिए एक खुले मंच के रूप में कार्य करती है।

### ● मध्य प्रदेश में 13 आईपीएस अधिकारी 2027 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं

मध्य प्रदेश गृह विभाग ने अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16 ??के अनुसार, वर्ष 2027 में 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होने वाले 13 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की आधिकारिक सूची जारी की है। ये अधिकारी हैं: राजेश सागर - एसपीएस-2010 - सेवानिवृत्ति: 31 जनवरी, 2027, मुकेश कुमार श्रीवास्तव - एसपीएस-2009 - 31 मार्च, 2027, वरुण कपूर - आरआर - 1991 - 31 मई, 2027, ओमप्रकाश त्रिपाठी - एसपीएस-2009 - 30 जून, 2027, विनोद कुमार सिंह - एसपीएस-2016 - 30 जून, 2027, संतोष सिंह गौड़ - एसपीएस-2016 - 30 जून, 2027, जी अखेतो सेमा - आरआर-1992 - 31 जुलाई, 2027, राजाबाबू सिंह - आरआर-1994 - 31 जुलाई, 2027, उपेन्द्र कुमार जैन - आरआर-1991 - 31 अगस्त, 2027, उमेश जोगा - आरआर-1997 - अक्टूबर 31, 2027, मनोज कुमार सिंह - एसपीएस-2009 - 31 अक्टूबर, 2027, रसना ठाकुर - एसपीएस-2012 - 31 अक्टूबर, 2027 और पंकज कुमार श्रीवास्तव - आरआर-1992 - 31 दिसंबर, 2027।

### ● शशिमोहन वी को सीआईएसएफ में डीआईजी के रूप में नई पोस्टिंग मिली



शशिमोहन वी को प्रतिनियुक्ति के आधार पर सीआईएसएफ में डीआईजी नियुक्त किया गया है। वे तमिलनाडु कैडर के 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### ● पीईएसबी ने सुनील प्रसाद को निदेशक (तकनीकी), एमएफएल पद के लिए अनुशंसित किया

पीईएसबी ने मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एमएफएल) में निदेशक (तकनीकी) के पद के लिए नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के उप महाप्रबंधक, डीजीएम (उत्पादन) सुनील प्रसाद के नाम की सिफारिश की थी।

### ● न्यायमूर्ति सुधीर सिंह पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश है

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को 11 जुलाई, 2026 को वर्तमान मुख्य न्यायाधीश सुश्री न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय की सेवानिवृत्ति के बाद उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया है।

### ● आशीष कुमार ने TRAI में संयुक्त सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला

आशीष कुमार, जो वर्तमान में नई दिल्ली स्थित जल विभाग मुख्यालय में निदेशक (एसएमसी-आई) के पद पर कार्यरत हैं, को प्रारंभ में तीन वर्ष की अवधि के लिए टीआरएआई मुख्यालय में संयुक्त सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे एक सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी हैं।

### ● परिवहन विभाग ने कोलकाता स्थित पीजीएम की वीआर स्वीकार कर ली

दूरसंचार विभाग ने पश्चिम बंगाल दूरसंचार सर्कल, बीएसएनएल में पीजीएम, कोलकाता बीए श्रीमती आयशा सिद्दीकी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकार कर ली है। वह 1996 बैच की आईटीएस अधिकारी हैं।

### ● इशिता गुप्ता शिक्षा मंत्रालय में कार्यभार संभालेंगी

डीजीएफटी मुख्यालय ने उप निदेशक सुश्री इशिता गुप्ता को उनके पद से मुक्त कर दिया है ताकि वह शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग में शामिल हो सकें।

### ● आईटीआरएस अधिकारी ने डीजीएफटी (मुख्यालय) में कार्यभार संभाला

डॉ. मनजीत भाटोया ने डीजीएफटी (मुख्यालय) में संयुक्त डीजीएफटी के रूप में कार्यभार संभाला है। वह सूचना एवं संचार सेवा (आईटीआरएस) अधिकारी हैं।

### ● आईआरएस अधिकारी को उप आयुक्त के पद पर पदोन्नति मिली

एस. अनिल कुमार को 17.11.2015 से तदर्थ आधार पर सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर उप आयुक्त के पद पर सांकेतिक पदोन्नति दी गई है। वे आईआरएस (सी एंड आईटी) अधिकारी हैं।

### ● विभाग ने 3 आईटीएस अधिकारियों का तबादला किया

विभाग ने तीन एसटीएस स्तर के आईटीएस अधिकारियों का तबादला किया है। तदनुसार, आशुतोष दिवाकर को डिजिटल भारत निधि में तैनात किया गया है, जबकि संजय कुमार मधुकर विभाग मुख्यालय में एसआरआई डिवीजन में शामिल होंगे और अनीश कुमार सिंह को मुंबई एलएसए में स्थानांतरित किया गया है।

# मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में किया जनता दर्शन



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** 'जनसेवा सर्वोपरि' के ध्येय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह मौसम प्रतिकूल होने के बावजूद जन समस्याओं के निस्तारण के लिए 'जनता दर्शन' किया। बारिश में दूरदराज से आए लोगों से उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान कराया जाएगा, सरकार सबकी भरपूर मदद करेगी।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं।

बारिश के चलते मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोगों की सुविधा के लिए शनिवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा जानीं। उन्हें आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पट्टीदारों द्वारा तो कुछ ने दबंगों द्वारा उनकी जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पारिवारिक जमीनी विवादों की स्थिति में पैमाइश व अन्य जांच कराने के बाद निष्पक्ष निस्तारण किया जाए। यदि किसी दबंग ने किसी गरीब की जमीन हड़पी है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। हर बार की तरह शनिवार को भी जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

ऐसे मामलों में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन के पास भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

**गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही।

## वाराणसी की कैंट विधानसभा में विधायक ने किया इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**वाराणसी ।** वाराणसी की कैंट विधानसभा में शनिवार की सुबह विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने नेवादा क्षेत्र के मुसहर बस्ती में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुसहर बस्ती में स्थानीय लोगों ने बीते दो माह पूर्व ही विधायक सौरभ से सड़क की मांग की थी। विधायक ने लोगों को जल्द सड़क देने का आश्वासन दिया था।

इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास के बाद विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि मुसहर बस्ती में सड़क की मांग पर विकास कार्य को जोर देते हुए आज शिलान्यास कर दिया गया है। इस कार्य के सम्पन्न होने पर मुसहर बस्ती के निवासियों का आवागमन और सुगम होगा। शिलान्यास का पूजन यही के वरिष्ठ नागरिक बलवंत पटेल से कराया गया है। जबकि शिलापट्ट का अनावरण भाजपा नेता राकेश मोहन तिवारी व दिनेश पटेल ने किया है। भाजपा नेता प्रेम पटेल ने नारियल फोड़ परियोजना का शुभारंभ किया है। कुछ ही समय में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

# गोरखपुर से पौधरोपण महायज्ञ का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार (12 जुलाई) को गोरखपुर से, प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ - 2026 का शुभारंभ करेंगे। रविवार सुबह वह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप और आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाएंगे। इस अवसर पर जनसभा कर वह प्रदेशवासियों को पौधरोपण में जिम्मेदारीपूर्वक हिस्सेदारी करने का आह्वान करेंगे। पौधरोपण महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी मौजूद रहेंगे। पौधरोपण महाभियान के जरिये प्रदेश सरकार ने इस बार 35 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य तय किया है।

मुख्यमंत्री, लिंक एक्सप्रेस-वे के समीप पवित्र त्रिवेणी (नीम, पीपल और बरगद) का पौधा लगाकर पौधरोपण महायज्ञ - 2026 का शुभारंभ करेंगे। जबकि ताल रिंग रोड के किनारे वह मौलश्री का पौधरोपण करेंगे। योगी के मार्गदर्शन में इस बार राज्यभर में रिकॉर्ड 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसे लेकर वन विभाग के संयोजन में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस लक्ष्य में गोरखपुर को 55 लाख 28 हजार 600 पौधरोपण की जिम्मेदारी मिली है। कुल 27 विभागों के सामंजस्य से होने वाले पौधरोपण महाभियान में सबसे बड़ा लक्ष्य वन विभाग के पास है। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी शुभम सिंह के अनुसार गोरखपुर जिले को मिले लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी पौधशालाओं में गुणवत्तायुक्त पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। पौधों के बेहतर विकास एवं उत्तरजीविता के लिए चिन्हित रोपण स्थलों पर एडवांस सॉयल वर्क के अंतर्गत गड्ढा खुदाई, टॉप सॉयल की व्यवस्था, पौधरोपण स्थलों का विकास, पौध संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं तथा अन्य तैयारियां पहले से पूर्ण हैं।

**गोरखपुर के इन विभागों को मिला है एक लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य :** वन विभाग- 19 लाख 37 हजार, ग्राम विकास- 18 लाख 61 हजार, कृषि विभाग- पांच लाख 76 हखार, उद्यान विभाग- दो लाख 85 हजार, पर्यावरण विभाग-दो लाख 38 हजार, पंचायती राज- दो लाख दो हजार, राजस्व विभाग- एक लाख 43 हजार।

# ट्रक में पीछे से आई तेज रफ्तार कार टकराई, चालक घायल



**नोएडा।** नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव के पास शुक्रवार की देर रात को एक मर्सिडीज कार आगे चल रहे ट्रक में टकराने के बाद नीचे घुस गई। इस घटना में कार चालक को मामूली चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने कार मे फंसे युवक को बाहर निकाल कर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है।

थाना बादलपुर के प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि 11 जुलाई की बीती रात एक बजे के करीब थाना क्षेत्र के छपरौला गांव के पास इंडियन पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे पर आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से आ रही एक मर्सिडीज़ बेंज कार टकरा गई। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए तथा वह ट्रक में फंसकर अंदर काफी दूर तक घसीटती चली गई। दुर्घटना में फरीदाबाद से लोहा मंडी गाजियाबाद जा रहे कार सवार सुनील कुमार अंदर फंस गए और घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने सीट बेल्ट लगाने के चलते कार के एयरबैग खुल गए। इसके चलते उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से कार और ट्रक को सड़क से हटवाया तथा यातायात को सामान्य कराया।

## राम मंदिर के सभी प्रमुख निर्माण 30 जुलाई तक पूरे होने का लक्ष्य : नृपेंद्र मिश्रा

**अयोध्या ।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा शनिवार को दान चोरी प्रकरण पर कहा कि यह घटना अपने आप में 'कलंक' है। हम सभी स्वयं को छोटा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि व्यवस्थाओं में सुधार होगा। भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होगी।

शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से रूबरू नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि पुराने मंदिर स्मारक का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। अब वहां 24 घंटे अखंड ज्योति जलाने की तैयारी है। हुतात्मा स्मारक का निर्माण जुलाई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। 30 जुलाई तक राम मंदिर के सभी प्रमुख निर्माण कार्य पूरे होने का लक्ष्य है। उम्मीद है कि समय रहते कार्य पूरा हो जाएगा। केवल चार किलोमीटर लंबी चहारदीवारी का कार्य शेष है, जिसे 30 सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की मौजूदगी में कानपुर में 35.84 लाख पौधों का होगा रोपण

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की मौजूदगी में रविवार को होने वाले वृहद वृक्षारोपण महाअभियान में हर नागरिक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर पौधा लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी ले। जनसहभागिता से ही हरित और पर्यावरण-संतुलित कानपुर की परिकल्पना साकार होगी। यह बातें शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कही।

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए रविवार को जनपद में वृहद वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में आयोजित होगा, जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि होंगे। जनपद के 500 से अधिक चिन्हित स्थलों पर 35 लाख 84 हजार 556 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सात थीम आधारित वन विकसित किए जाएंगे और 51 गोआश्रय स्थलों पर गोकुल वाटिकाएं बनाई जाएंगी।

महाअभियान के तहत शहर में सात विशेष थीम आधारित वन विकसित किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम् वाटिका, ऊर्जा वन, महर्षि चरक वन, सामाजिक समरसता वन, समृद्धि वन, ऑक्सी वन और फलदार वाटिका शामिल हैं। इसके अलावा 51 गोआश्रय स्थलों पर गोकुल वाटिकाएं विकसित की जाएंगी।

प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने बताया कि 500 से अधिक स्थलों पर पौधरोपण की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और पौधों का उठान कराया जा चुका है। अभियान के दौरान आम, महुआ, पीपल, पाकड़, बरगद, सहजन, सेमल, सिरस, शीशम, जामुन, गूलर, बेल, बहेड़ा, अशोक, कदम, आंवला, अमरूद, अनार और इमली सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।

# यूपी में दिव्यांग सशक्तिकरण की नई पहचान बना कानपुर नगर, फिर प्रदेश में नंबर-वन

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, कानपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में कानपुर नगर ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है।

यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड बनाने में कानपुर नगर उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। कानपुर नगर जिले में अब तक 49,174 यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जो प्रदेश के सभी जिलों में सर्वाधिक हैं।

पूरे प्रदेश की बात करें तो अब तक 17,23,472 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी (स्वावलंबन) कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं कुल 20,60,672 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 2,20,152 आवेदन अस्वीकृत और 1,80,955 आवेदन विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं।

**प्रदेश के टॉप-5 जिलों की रैंकिंग :** यूडीआईडी (स्वावलंबन) कार्ड जारी करने में प्रदेश स्तर पर कानपुर नगर ने 49,174 कार्ड के साथ पहला स्थान हासिल किया है।

इसके बाद शाहजहांपुर 47,264 कार्ड के साथ दूसरे, हरदोई 43,929 कार्ड के साथ तीसरे, जौनपुर 40,851 कार्ड के साथ चौथे तथा आजमगढ़ 39,536 कार्ड के साथ पांचवें स्थान पर है।

**दिव्यांजनों को कार्ड से विशेष सुविधा :** यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगजनों के लिए एक राष्ट्रीय पहचान पत्र है, जिसके माध्यम से उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्ति, पेंशन, सहायक उपकरण, रोजगार, शिक्षा और अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल पाता है। यही कारण है कि योगी सरकार ने इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए प्रत्येक पात्र दिव्यांग तक यह सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

# भगवान जगन्नाथ 50 फीट ऊंचे रथ पर होंगे विराजमान, 16 को निकलेगी यात्रा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 33 स्थित इस्कॉन मंदिर की ओर से जगन्नाथ रथयात्रा आगामी बृहस्पतिवार को निकाली जाएगी। यात्रा शाम 4 बजे सेक्टर-18 स्थित गुरुद्वारे से प्रारंभ होगी जो अट्टा मार्केट, सब मॉल, डीएम चौक, स्टेडियम, चौड़ा चौक व अडोबी चौक होते हुए शाम 7 बजे इस्कॉन नोएडा मंदिर पहुंचेगी। इस रथयात्रा में देश-विदेश के भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता वंशीधर ने शनिवार को बताया कि रथयात्रा आरंभ होने से पहले भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। महाआरती भी की जाएगी।


## टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान

TISS RE-IMAGINING FUTURES

(यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत मानित विश्वविद्यालय)
(भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन अनुदान प्राप्त संस्थान)
वी.एन. पुरव मार्ग, देवनार, मुंबई 400088

**शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 के लिए प्रवेश सूचना**

टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS) शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 के लिए पूर्णकालिक (नियमित) स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की घोषणा करता है। प्रवेश CUET-UG स्कोर 2026 के आधार पर होगा।
TISS के स्नातक कार्यक्रमों में आवेदन हेतु पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया वेबसाइट https://admissions.tiss.ac.in/admissions/ba/programmes/ देखें।
प्रवेश से संबंधित किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की जानकारी/सहायता के लिए कृपया admissionsinfo@tiss.ac.in पर संपर्क करें या प्रवेश हेलपलाईन 022-25525252 पर काल करें।
**आवेदन की अंतिम तिथि: 17.7.2026**
CbC 21323/11/0002/2627 कुलसचिव


## रामभक्तों के खून से सना है सपा का इतिहास : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी मौका मिला, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भारतीय मानबिंदुओं पर कुठाराघात किया है। सपा का इतिहास रामभक्तों के खून से सना हुआ है। जबकि, कांग्रेस की जब केंद्र में सरकार थी, तब उसने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर भगवान श्रीराम को मिथक और काल्पनिक साबित करने का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा जाति के नाम पर समाज को बांटने की साजिश रचकर विकास प्रक्रिया को बाधित करती है। इनसे आमजन को सतर्क रहना होगा। योगी शनिवार शाम गोरखपुर में भटहट-बांसस्थान फोरलेन सड़क सहित करीब 758 करोड़ रुपये की 24 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने 697 करोड़ 49 हजार की लागत वाली पांच सड़कों का लोकार्पण और सड़क निर्माण एवं पर्यटन विकास से जुड़े, 60 करोड़ 63 लाख 96 हजार रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। ये सभी कार्य पिपराइच विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हैं।


## कार्यालय भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

दिनांक 23/06/2026

### सार्वजनिक सूचना

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नवम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग/उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

-:: अनुसूची ::-

भूमि का वर्णन

| स. क्र | भूमि स्वामी का नाम जाति एवं पता | ग्राम का नाम | अर्जित किये जाने वाले खसरा क्रमांक | कुल रकबा हेक्टे में | अर्जित रकबा हे. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अशोक पुत्र सेवक प्रसाद, जाति ब्राम्हण, पता मड़देवरा, बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | मडदेवरा | 79/10/2(S) | 0.433 | 0.045 | कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग रायसेन | टेकापार खुर्द लघु सिंचाई योजनांतर्गत नहर निर्माण |
| | | | किता 01 | 0.433 | 0.045 | | |
| 2 | ब्रजेश पुत्र सेवक प्रसाद, जाति ब्राम्हण पता मड़देवरा, बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 79/10/3(S) | 0.712 | 0.045 | | |
| | | | किता 01 | 0.712 | 0.045 | | |
| 3 | धर्मेन्द्र पुत्र दीनदयाल, जाति ब्राम्हण, पता मड़देवरा, बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 65/10 (S) | 0.555 | 0.100 | | |
| | | | किता 01 | 0.555 | 0.100 | | |
| 4 | दीनदयाल पुत्र जगन्नाथ प्रसाद, जाति ब्राम्हण, पता मड़देवरा, बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 11/1 (S)12 | 1.780 | 0.004 | | |
| | | | 13 (S) में से | 0.936 | 0.065 | | |
| | | | किता 01 | 2.716 | 0.069 | | |
| 5 | शेवप्रसाद पुत्र परसराम, जाति ब्राम्हण, पता मड़देवरा, बेगमगंज, रायसेन, म.प्र. ग्राम भूमि स्वामी | | 17/2 (S) | 1.753 | 0.040 | | |
| | | | 18 (S) 19 में से | 1.495 | 0.110 | | |
| | | | किता 01 | 3.248 | 0.150 | | |

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला रायसेन

जी-15482/26


## आपका राशिफल 12 जूलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक 2 4 6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-2-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-6-8-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-3-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक 1 4 6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आलस्य का त्याग करें। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। भाई बहनों का प्रेम बढ़ेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। शुभांक-4-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक 3 5 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-5-7